an>

Title: Need to put immediate ban on commercialization of area falling under declared buffer zone around Bandhavgarh Fort in Umaria district of Madhya Pradesh.

श्री दलपत सिंह परस्ते (शहडोल) : मध्य प्रदेश के शहडोल क्षेत्र में उमरिया नगर के बांधवगढ़ के प्राचीन किले के आस-पास 105 वर्ग किलोमीटर के जंगल को बढ़ाकर 694 किलोमीटर तक विस्तारित किया जा चुका है जिसमें 437 किलोमीटर बफर जोन कहलाता है। ऐसे जंगल में सैकड़ों दुलर्भ जानवर तथा पक्षी निवास करते हैं जिन्हें देखने के लिए पर्यटक आते हैं लेकिन जंगल के आस-पास तथा मध्य क्षेत्र में होटलों तथा रिजॉर्ट का निर्माण किया गया है तथा जारी है जिससे वन्य प्राणियों को रहने में असहजता हो रही है तथा ऐसे में वन्य प्राणियों की संख्या में कमी होने का आंकलन किया जा रहा है। क्षेत्र के चारागाह समाप्त हो रहे हैं।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि शीघ्र ऐसे निर्माण को समाप्त किया जाए तथा भविष्य के लिए ऐसे निर्माण कार्यों पर रोक लगा देनी चाहिए।